E-239 | कक्षा : 12वीं

# बुक-कीपिंग एण्ड एकाउन्टेन्सी - 2019

समय :3 घण्टे] [ पूर्णांक: 100

निर्देश: (i) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

(ii) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। जिनके अन्तर्गत सही विकल्प चुनिए, एक शब्द में उत्तर दीजिए, रिक्त स्थानों की पूर्ति, सही जोड़ी बनाइये एवं सत्य/असत्य प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है।

(iii) प्रश्न क्रमांक 6 से 10 तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक के लिए 2 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा 30 शब्द है।

(iv) प्रश्न क्रमांक 11 से 14 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक के लिए 3 .... अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा 75 शब्द है।

(v) प्रश्न क्रमांक 15 से 21 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक के लिए 4 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा 120 शब्द है।

(vi) प्रश्न क्रमांक 22 से 26 तक अति दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक के लिए - 5 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा 150 शब्द है।

(vii) संख्यात्मक प्रश्नों में शब्द सीमा का बंधन नहीं है।

प्रश्न 1. सही विकल्प चुनिए। 1x5 = 5

(अ) लाभ न कमाने वाली संस्थाएँ बनाती हैं-

(i) आय-व्यय खाता (ii) लाभ-हानि खाता

(iii) व्यापार खाता (iv) निर्माण खाता

(ब) साझेदारी संलेख तैयार किया जाना

(i) अनिवार्य है। (ii) ऐच्छिक है।

(iii) अंशतः अनिवार्य है। (iv) अनावश्यक है।

(स) अवितरित लाभों व संचयों को हस्तान्तरित किया जाता है

(i) रोकड़ खाते में (ii) बैंक खाते में

(iii) साझेदारों के पूँजी खातों में (iv) लाभ-हानि खाते में

(द) अवशिष्ट याचना पर सारणी 'A' के अनुसार ब्याज की दर होती है

(i) 6% वार्षिक (ii) 10% वार्षिक (iii) 8% वार्षिक (iv) 5% वार्षिक

(इ) कौन-सा वित्तीय विवरणों के विश्लेषण का उपकरण नहीं है?

(i) तलपट (ii) तुलनात्मक विवरण

(iii) अनुपात विश्लेषण (iv) सम आकार विवरण

प्रश्न 2. सत्य/असत्य लिखिये। 1x5 = 5

(i) आय-व्यय खाता व्यक्तिगत खाता है।

(ii) साझेदारी फर्म में साझेदारी अधिनियम 1932 लागू होता है।

(iii) ख्याति एक अमूर्त सम्पत्ति है।

(iv) फर्म के विघटन पर अलिखित सम्पत्ति से प्राप्त रकम वसूली खाते में दर्शायी जाती है।

(v) एक निजी कम्पनी प्रविवरण जारी नहीं करती है।

प्रश्न 3. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। 1x5=5

(i) प्राप्ति-भुगतान खाते का अंतिम शेष ............ प्रदर्शित करता है।

(ii) साझेदारी का जन्म ................ से होता है।

(iii) साझेदारी का ............. साझेदारों के बीच सम्बन्धों का परिवर्तन है।

(iv) फर्म के विघटन के पश्चात् साझेदार स्वयं का .......... कर सकते हैं।

(v) कम्पनी विधान द्वारा निर्मित एक .......... है।

प्रश्न 4. एक शब्द/वाक्य में उत्तर दीजिए।1x5=5

(i) क्या लाभानुपात में परिवर्तन के लिये ख्याति का मूल्यांकन आवश्यक है?

(ii) क्या साझेदारी के विघटन पर फर्म का विघटन आवश्यक है?

(iii) कम्पनी की स्थापना करने वाले व्यक्तियों को क्या कहते हैं?

(iv) कुल लागत कुल विक्रय के बराबर कहाँ होती है?

(v) ग्राहकों से प्राप्त रोकड़ कौन सी क्रियाओं का रोकड़ प्रवाह है?

प्रश्न 5. सही जोड़ी बनाइये।  1x5 = 5

| "अ" | "ब" |
|---|---|
| (i) सामान्य लाभ | क्षतिपूर्ति |
| (ii) त्यागी साझेदार | अधिलाभ |
| (iii) संचित पूँजी | चालू दायित्व |
| (iv) स्वामित्व कोष | कम्पनी का समापन |
| (v) लेनदार | स्वामित्व अनुपात |

प्रश्न 6. आय-व्यय खाते से क्या आशय है?  2

(अथवा) प्रारम्भिक पूँजी कोष की गणना सूत्र लिखिये।

प्रश्न 7. त्याग का अनुपात क्या है?  2

(अथवा) नफा का अनुपात का अर्थ समझाइए।

प्रश्न 8. लेखांकन अनुपात के कोई दो उद्देश्य लिखिये।  2

(अथवा) दीर्घकालीन ऋण से आप क्या समझते हैं?

प्रश्न 9. वित्तीय विवरणों के विश्लेषण का अर्थ लिखिये।  2

(अथवा) लेखांकन अनुपात के कोई दो लाभ या उपयोग लिखिये।

प्रश्न 10. लेखांकन अनुपात की सीमाएँ लिखिये। (कोई दो)  2

(अथवा) अनुपात के प्रकार या वर्गीकरण को समझाइये।

प्रश्न 11. साझेदारी संलेख के अभाव में लागू होने वाले नियम लिखिये। (कोई तीन) 3

(अथवा) साझेदार के क्या-क्या अधिकार होते हैं?

प्रश्न 12. फर्म के विघटन की रीतियाँ लिखिये। (कोई तीन)  3

(अथवा) A तथा B एक फर्म में क्रमशः 3:1 के अनुपात में साझेदार थे। उनका चिट्ठा 31 मार्च, 2018 को निम्न प्रकार था। उक्त तिथि को उन्होंने फर्म के विघटन का निर्णय किया। देनदारों से रु. 15,000 तथा विविध सम्पत्तियों से रु. 60,000 वसूल हुए। वसूली खाता तैयार कीजिए :

चिट्ठा 31-3-2018

| दायित्व | रकम (रु.) | सम्पत्तियाँ | रकम (रु.) |
|---|---|---|---|
| लेनदार<br>A का ऋण<br>पूँजी खाते :<br>A: 10,000<br>B: 15,000 | 45,000<br>20,000<br><br><br>25,000 | देनदार<br>विविध सम्पत्तियाँ | 20,000<br>70,000 |
| | 90,000 | | 90,000 |

प्रश्न 13. फर्म का विघटन व साझेदारी का विघटन में अन्तर लिखिए। 3

(अथवा) पुनर्मूल्यांकन खाता व वसूली खाते में अन्तर लिखिये? (कोई तीन)

प्रश्न 14. पूर्वाधिकार अंशों तथा समता अंशों में अंतर समझाइये। (कोई तीन) 3

(अथवा) Y लिमिटेड ने रु. 10 वाले 15,000 समता अंश जनता में निर्गमित किए। सम्पूर्ण, राशि एक मुश्त प्राप्त हो गई। Y कम्पनी की पुस्तकों में जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए।

प्रश्न 15. साझेदारी की चार विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। 4

(अथवा) स्थिर एवं परिवर्तनशील पूँजी खातों में अन्तर स्पष्ट कीजिए। (कोई चार)

प्रश्न 16. X, Y तथा $Z \frac{4}{8}:\frac{3}{8}:\frac{1}{8}$ के अनुपात में लाभ बाँटने वाले साझेदार हैं। भविष्य में साझेदारों ने $\frac{5}{12}:\frac{4}{12}:\frac{3}{12}$ के अनुपात में लाभ बाँटने का निश्चय किया। अनुपात परिवर्तन के कारण प्रत्येक साझेदार को प्राप्त लाभ और त्याग की गणना कीजिये। 4

(अथवा) ख्याति की कोई चार विशेषताएँ लिखिये।

प्रश्न 17. एक व्यापारिक फर्म की पूँजी रु. 8,00,000 है। फर्म का औसत लाभ रु. 90,000 है। ऐसे व्यापार में 75% सामान्य आय अपेक्षित है। अधिलाभ के पूँजीकृत मूल्य के आधार पर ख्याति निकालिये। 4

(अथवा) ख्याति उत्पन्न होने के कारण लिखिये। (कोई चार)

प्रश्न 18. समता अंशों की विशेषताएँ लिखिए। (कोई चार) 4

(अथवा) प्रविवरण के उद्देश्य बताइये। (कोई चार)

प्रश्न 19. पूर्वाधिाकर अंश के प्रकार लिखिये। 4

(अथवा) ऋणपत्रों के शोधन की विधियाँ लिखिये।

प्रश्न 20. ऋणपत्र की विशेषताएँ लिखिये। (कोई चार) 4

(अथवा) सोनल के पास बिट्टू लिमिटेड के रु. 20 वाले 50 समता अंश थे जो 10% प्रीमियम पर निर्गमित किये गये थे। उसमें रु. 6 आवेदन में रु.6 आवंटन में दिये, किन्तु प्रथम याचना के रु. 5 व अन्तिम याचना के रु. 5 का भुगतान नहीं कर सका। उसके अंशों का हरण कर लिया गया। अंश हरण की-जर्नल प्रविष्टि लिखिये।

प्रश्न 21. वित्तीय विवरण के उद्देश्य लिखिये। (कोई चार) 4

(अथवा) तरल त्वरित अनुपात = 1:1

चालू सम्पत्तियाँ = रु. 1,00,000

चालू दायित्व = रु. 50,000

स्टॉक का मूल्य बताइये।

प्रश्न 22. गैर व्यापारिक संस्थाओं द्वारा रखी जाने वाली पुस्तकें कौन-कौन सी है? 5

(अथवा) प्राप्ति एवं भुगतान खाता किसी संस्था की आर्थिक स्थिति का द्योतक नहीं है। समझाइये।

प्रश्न 23. एक फर्म का औसत शुद्ध लाभ रु. 84,000 प्रति.वर्ष है। व्यवसाय में विनियोजित पूँजी रु. 5,00,000 है। इस प्रकार के व्यवसाय में विनियोजित पूँजी पर प्रत्याय 12% है। साझेदारों को रु. 12,000 पारिश्रमिक दिया जाता है। ख्याति की गणना अधिलाभ की पूँजीकरण विधि द्वारा कीजिए। 5

(अथवा) त्याग के अनुपात एवं नफा के अनुपात में अन्तर लिखिये।

प्रश्न 24. अंशों के हरण की विधि लिखिये।  5

(अथवा) A लिमिटेड कम्पनी ने रु. 9,00,000 की सम्पत्ति B लिमिटेड से खरीदी। प्रतिफल में रु. 100 वाले पूर्ण प्रदत्त समता अंश देय थे। निम्नलिखित दशाओं में A लिमिटेड की पुस्तक में नकल प्रविष्टि दीजिए, जबकि अंश निर्गमित किये गये :

(i) सम मूल्य पर  (ii) 25% प्रीमियम पर।

प्रश्न 25. वित्तीय विवरण की उपयोगिता या महत्त्व लिखिये।  5

(अथवा) कम्पनी के चिठे में अनुसूची-III के अनुसार स्थायी सम्पत्तियों के उप-शीर्षक के अन्तर्गत लिखी जाने वाली 5 मूर्त सम्पत्तियों और 5 अमूर्त सम्पत्तियों के नाम लिखिये।

प्रश्न 26. रोकड़ प्रवाह विवरण एवं कोष प्रवाह विवरण में अन्तर लिखिये। (कोई पाँच) 5

(अथवा) रोकड़ प्रवाह विवरण बनाने के उद्देश्य और महत्त्व लिखिये। (कोई पाँच)

*******